श्याम नाम का डंका By Shubhi Sargam

दुनिया में डंका बाज रहा
मेरे श्याम तेरी जयकारों से
हो मेरे श्याम तेरी जयकारों से
तेरे भक्तों की गुंजारों से
दुनिया में डंका बाज रहा.....

बिन मांगे सब कुछ मिलता है
मेरे सांवरिया सरकार से
दुनिया से फिर क्यों मांगू मैं
क्या लेना मुझे संसार से
मैं तो झूम झूम के नाचू रे
मेरी यारी हो गई श्याम से
दुनिया में डंका बाज रहा.....

जो हार के दुनियादारी से
श्री श्याम शरण में आते हैं
मेरे श्याम लगाते उनको गले
फिर कभी ना वह घबराते हैं
मेरी बाहें श्याम ने है
मुझे डरने की क्या बात है
दुनिया में डंका बाज रहा.....

जैसी भी तेरी मर्जी हो
मैं तेरी रजा में राजी श्याम
शुभी कि इतनी विनती है
मेरे हरदम संग में रहना श्याम
शुभी पर रखना अपनी दया...2
राही भी तेरा सवाली है
दुनिया में डंका बाज रहा.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a1%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%be-by-shubhi-sargam/